हंसराज कॉलेज

दिल्ली विश्वविद्यालय

हंस

वार्षिक पत्रिका

2025



Ganesh Bansal
B.Sc. (Hons) Zoology III YR

ओइम्! विश्वानि देव सवितुर्दुरितानी परासुव।
यद्भद्रं तन्न आ सुव।।

हे सकल जगत् के उत्पत्तिकर्ता,
समग्र ऐश्वर्ययुक्त, शुद्धस्वरूप,
सब सुखों के दाता, परमेश्वर!
आप कृपा करके हमारे सम्पूर्ण दुर्गुण,
दुर्व्यसन और दुखों को दूर कर दीजिए,
जो कल्याणकारक गुण,कर्म,
स्वभाव और पदार्थ हैं,
वे सब हमको प्राप्त कराइये।

स्वामी दयानन्द सरस्वती

(1824–1883)



महात्मा हंसराज

(1864–1938)

प्रो. (डॉ.) रमा
प्राचार्या, हंसराज कॉलेज

हंसराज कॉलेज ने अपनी गरिमामयी यात्रा के 77 वर्ष पूर्ण कर लिए हैं। कॉलेज निरंतर विद्यार्थियों की रचनात्मकता को दिशा देने के लिए प्रयासरत रहा है। इस सन्दर्भ में अनेक प्रकार की गतिविधियों एवं प्रतियोगिताओं आदि के आयोजन से विद्यार्थियों को अभिव्यक्ति का मंच प्रदान किया जाता रहा है। हंसराज कॉलेज की रचनात्मक परंपरा का एक महत्वपूर्ण पक्ष इसकी वार्षिक पत्रिका 'हंस; भी है। 'हंस' एक बहुभाषी पत्रिका है। हिंदी, अंग्रेज़ी और संस्कृत भाषाओं की रचनाएँ इसमें प्रकाशित की जाती हैं। साहित्य की विविध विधाओं कविता, कहानी, लेख, संस्मरण आदि के माध्यम से हंसराज कॉलेज परिवार के सदस्यों की रचनात्मकता को प्रकाशित कर उनकी साहित्यिक प्रतिभा को सामने लाने की दृष्टि से यह बेहद महत्त्वपूर्ण है। हंसराज कॉलेज की अब तक की यात्रा में 'हंस' निरतंर प्रगति के पथ पर अग्रसर है। यह कॉलेज के युवा विद्यार्थियों के साथ ही रचनात्मक लेखन में रूचि रखने वाले प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों के लिए भी एक विशेष मंच है। इसमें छात्र और प्राध्यापक दोनों की रचनात्मकता एक साथ उद्घाटित होती है। इसके माध्यम से लेखन के क्षेत्र में नए लोगों को एक बेहतरीन मंच तो मिलता ही है साथ ही निरंतर लेखन की प्रेरणा और प्रोत्साहन भी मिलता है। विद्यार्थी जीवन में कॉलेज की पत्रिका में अपनी रचनाओं के प्रकाशन से जो विशेष आनंद प्राप्त होता है उसकी अनुभूति प्रायः हम सबको है।

हंसराज कॉलेज की पत्रिका में प्रकाशित होने वाले अनेक विद्यार्थी आगे चलकर साहित्य, सिनेमा, मीडिया, कला आदि क्षेत्रों में अपना विशिष्ट मुकाम हासिल करते रहे हैं। ये सभी आज अलग-अलग क्षेत्रों में जिस तरह सफलता की चोटी पर खड़े हैं उसमें हंसराज कॉलेज और 'हंस' पत्रिका में उनकी रचनात्मकता के प्रकाशन का विशेष योगदान है।

कॉलेज की वार्षिक पत्रिका 'हंस' इस वर्ष का अंक आपके सामने है। इस अंक में परम्परागत स्वरुप और नए भावबोध से युक्त विशिष्ट रचनाओं को शामिल किया गया है। इसके साथ ही पेंटिंग आदि का भी सुंदर संयोजन किया गया है। इस अंक में प्रकाशित होने वाले विद्यार्थियों, प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों को मेरी हार्दिक शुभकामनाएँ। 'हंस' के इस अंक के संपादक मंडल को भी मैं हृदय से बधाई देती हूँ और सभी रचनाकारों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करती हूँ।

डॉ. विजय कुमार मिश्र
संयोजक, प्रकाशन समिति

हंसराज कॉलेज की सुदीर्घ और गौरवशाली यात्रा में हमारी वार्षिक पत्रिका 'हंस' का विशिष्ट स्थान है। इसके माध्यम से देश-दुनिया के सम्बन्ध में हमारे विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों के अनुभव, दृष्टिकोण और संवेदनाएँ विविध साहित्यिक विधाओं के माध्यम से प्रकाशित होती रही हैं। उनकी भावनाओं, विचारों, रचनात्मकता आदि के प्रकटीकरण का एक बेहद शानदार मंच है 'हंस'। इसके माध्यम से समय-समय पर विद्यार्थियों के द्वारा बनाए गए चित्र आदि के माध्यम से भी उनके भाव को विस्तार मिला है। कक्षाओं की औपचारिक शिक्षा प्रणाली और नियमित पाठ्यक्रम के मध्य इस प्रकार की रचनात्मक गतिविधियाँ विद्यार्थियों के समग्र विकास की दृष्टि से बेहद महत्त्वपूर्ण सिद्ध होते हैं।

संपादक मंडल ने विद्यार्थियों की रचनात्मकता को कविता, कहानी, लेख, समीक्षा, चित्र, फ़ोटोग्राफ आदि के माध्यम से 'हंस' के इस अंक में आपके समक्ष प्रस्तुत किया है। इसमें प्रकशित हिंदी, अंग्रेजी एवं संस्कृत तीनों भाषाओं की रचनाएं हंसराज कॉलेज के विद्यार्थियों की भाषाई और रचनात्मक विविधता का द्योतक है। रचनाएं आमंत्रित करने से लेकर, उनके चयन, प्रूफ और संपादन आदि की दृष्टि से संपादक मंडल के सदस्यों ने जो श्रमसाध्य कार्य किया है, वह अभिनंदनीय है। 'हंस' का प्रकाशन हमारे संपादक मंडल के सदस्यों के साथ ही प्रशासनिक कर्मचारियों के सहयोग के बिना संभव नहीं था। ऐसे सभी लोगों का हृदय की गहराईयों से आभार।

कॉलेज की प्राचार्या प्रो. रमा ने हमेशा की तरह इस बार भी समुचित मार्गदर्शन और प्रोत्साहन से इस अंक को अंतिम रूप देने में बड़ी भूमिका निभाई है। इसके लिए प्राचार्या महोदया का विशेष धन्यवाद।

आशा है 'हंस' का यह अंक आप लोगों को पसंद आएगा और आपकी रचनात्मक संतुष्टि की दृष्टि से भी यह बेहद उपयोगी सिद्ध होगा।

ANKIT KUMAR
B.SC. LIFE SCIENCE, III YEAR

Name - Puneet Verma
Bsc(H) Anthropology

हिंदी खंड

संपादक

डॉ. पीयूष कुमार द्विवेदी

डॉ. मनीष ओझा

छात्र- संपादक

विक्की कुमार

अक्षिता कौशिक

विषयानुक्रमणिका

1. दिनकर रहना सजग/ प्रतीक शर्मा ---- 10
2. सफ़र : रातों का/ मोहित तिवारी ---- 11
3. सत्यं शिवं सुन्दरम का सुमेल पुस्तकालय/ कुमार आदर्श "विवक्षुः" ---- 12
4. जिए जाते हैं/ साहिल सिंह ---- 12
5. मेरे प्रिय/ सिब्बू ---- 12
6. विश्वास का परिंदा/ नवनीत कुमार ---- 13
7. बंजारापन/ साहिल सिंह ---- 16
8. बेअंजाम हसरतें (रुबाइयाँ)/ अभिषेक द्विवेदी ---- 16
9. नाटक और जिंदगी/ नीरज कुमार साहू ---- 17
10. जज़्बात अल्फ़ाज़ों के मोहताज नहीं होते/ अभिषेक द्विवेदी ---- 17
11. स्त्री : मानवीय इतिहास की नीरव निर्मात्री/ शुभम आनंद ---- 18
12. स्पर्श/ सौरभ सिंह ---- 18
13. दोस्ती/ शायोन उपाध्याय ---- 19
14. रस्ता खुद मिल जाएगा/ अक्षिता कौशिक ---- 19
15. उलझन/ उत्कर्ष शुक्ला ---- 19
16. मैं और तुम/ अनुज मिश्रा ---- 20
17. कलम उठा मैं लिख चलूँ/ सलोनी भारती ---- 20
18. है अँधेरी रात मगर, दीया जलाना कब मना है/ सलोनी भारती ---- 21
19. औरत/ जेपी शर्मा ---- 21
20. दुश्मन/ जेपी शर्मा ---- 21
21. कविताएँ/ नवनीत सिंह लेखांश ---- 22
22. प्रत्यक्ष/ अप्रत्यक्ष नारी संघर्ष/ ख़ुशबू पाल ---- 24
23. अद्वैत/ सारांश मिश्रा ---- 25
24. एक जवाब ग़ालिब को/ लियाक़त अली ---- 25

दिनकर रहना सजग

प्रतीक शर्मा
बी. ए. हिंदी (विशेष) प्रथम वर्ष

विपदा आन पड़ी है कैसी,
मन यूँ क्यूँ घबरा रहा?
चिराग भी है सहमा-सहमा,
क्यों तिमिर उसे भरमा रहा?

कोहरा घना छाया हुआ है,
सूर्य की स्वर्णिम आभा पर।
कौन करे अभिसिंचित प्रविधि,
सूख चुके निर्मल वट पर?

दिनकर, रहना सजग निशा में,
तुम सुखद सवेरा ले आना।
तिमिर चीर, तारण को पीर,
प्रज्ञा रथ पर चले आना।
जग के मीत, मेरे मन के गीत,
नव चेतना जग में भर जाना।
***
याद आ रहे क्षण वो सारे,
राजसभा जब मूक हो गई।
सत्ताधीशों, फिर कलयुग में,
द्वापर जैसी चूक हो गई।

द्रौपदी का चीर खिंच रहा,
द्रोपदी के राज में।
कुत्सित, कलुषित, कुचक्र चल रहे,
धर्म तेरे साम्राज्य में।

आकुल, व्याकुल, विवश द्रौपदी,
जीवित अभी दुःशासन है।
नेत्र निमीलित किए पुरोधा,
क्योंकि हत्याओं पर सिंहासन है।

पर,
काम, क्रोध, कंटक के पथ पर,
सुख-सुमन नहीं खिलते।
पाखंड, कुचक्र रचाने से,
पूजन के पुण्य नहीं मिलते।

शास्त्र पाठ बना रूढ़िवादी,
क्यों शास्त्र कर से छूट रहे?
शौर्य, साहस के प्रतिमान-प्रतिपल,
क्यों बिखर-बिखर कर टूट रहे?
राणा का पराक्रम भूल गए,
वीर शिवाजी को विस्मृत किया।
पातक मुगलों को याद रख,
पल-पल अपमान का घूँट पिया।

स्वर्ग, नरक सब इसी धरा पर,
जैसे को तैसा प्रतिफल है।
शुचिता, सत्य, विजय संवाहक,
कर्मों का परिणाम प्रबल हैं।
***
पग-पग पथ पर प्रश्न खड़े हैं,
राह कौन हरि जाऊँ मैं?
सकल सृष्टि के अजर सृजेता,
किस विध तुमको पाऊँ मैं?

व्याकुल मन का क्रंदन हरने,
चक्र सुदर्शन धारण कर।
परहित, पुण्य, प्रेम के पय को,
धर-अधर मुरली, मुरलीधर।

अरुणा प्रभा के मस्तक पर,
कविता के छंद चढ़ा जाना।
जिस क्षण तुम प्रस्थान करो,
नवरस, नवज्योति भर जाना।
दिनकर, रहना सजग निशा में,
तुम सुखद सवेरा ले आना।

सफ़र : रातों का

मोहित तिवारी
बी.ए. हिंदी (विशेष) प्रथम वर्ष

चांद के बिना धनी बदलो सा
ये काली काली अंधेरी राते
मंद बहती ठंडी पवन और शांत सी दुनिया
लोगों से कहना चाहती है जैसे सौ बातें

दिन भर के काम से लौटने के बाद
कम थके तो खाकर और ज्यादा तो बिना खाए ही
सो जाते है लोग इस रात के साथ
बच्चे बूढ़े जवान अमीर गरीब सभी को
रात अपनी छांह में सुला लेती है
और लोग सो जाते हैं

लोग इस रात में अपने दिमाग को विश्राम देते हैं
बच्चा बड़े प्यार से इस रात का इंतजार करते हैं
संसार की यह सन्नाटे शांति रात का पहरा देखते है
और ये बादल सभी को नई ताज़गी देती है
बच्चे- बूढ़े, जवान इस रात में सभी सो जाते हैं
और यही रात का नियम है।
लेकिन क्या यह नियम सार्वत्रींक है?
नहीं!
नहीं! तो कौन तोड़ता है इस नियम को और किस लिए
नहीं जानते तो सुनो
एक माँ अपने पुत्र को सुलाने के लिए,
एक सैनिक अपनी मातृभूमि की रक्षा के लिए,
एक खिलाड़ी एक छोटे से पदक के लिए,
एक व्यापारी अपनी उन्नति के लिए,
एक किसान अच्छा अनाज के लिए,
एक किसान सबका पेट भरने के लिए,
एक चालक चीज़ो को गंतव्य स्थान तक पहुंचाने के लिए,
एक नर्स किसी परिवार की खुशी के लिए,
एक विरही किसी अपने को पाने के लिए,
एक प्रेमी प्रेमिका से बात करने के लिए,
एक चोर दूसरे के पेट काटने के लिए व अपने पेट के लिए
और न जाने कितने भूखे व बीमाऱ लोग
जो चैन की नींद लेना तो चाहते हैं
मगर कम्बख्क़्त नींद इन्हें रात नहीं देता।
ध्यान से सुनो,
इस सन्नाटी रातों मे भी कुछ
आवाज़ आ रही है,

किसी के पढ़ने की,
बैंड बाजे की,
वाहनों के चलने की,
गोलियों के चलने की,
किसी के दौड़ने की,
किसी कुत्ते के भौकने की और हाँ
किसी के रोने की

सब जगह कुछ न कुछ होते हि
और नहीं होते वहाँ
सभी बच्चे, बूढ़े और जवान को यह रात
अपनी छांह में सुला लेती
और लोग सो जाते हैं।

इस दुनिया के रंगमंच पर
सभी अपना किरदार निभाते हैं।
अच्छा किरदार कुछ छाप छोड़कर और फिर सभी एक दिन,
सदा के लिए सो जाते हैं।

सत्यं शिवं सुन्दरम का सुमेल पुस्तकालय

कुमार आदर्श "विवक्षुः"
बी.ए. संस्कृत (विशेष) तृतीय वर्ष

बुभुक्षा, पिपासा, द्वन्द्व, मानसिक व्यथा
पुस्तक दर्शन मात्र से मिट जाते हैं सर्वथा
हृदय की पीड़ा का एकमात्र औषधालय
सत्यं शिवं सुन्दरं का सुमेल पुस्तकालय।।१।।

पुरुष प्रकृति के योग से रचित यह सृष्टि
सृजन के तीन अधार द्रष्टा,दशर्न और दृष्टि
जगत् के जागरण का एकमात्र सृजनालय
सत्यं शिवं सुन्दरं का सुमेल पुस्तकालय।।२।।

उद्यानों के विकसित पुष्प संगुध है फैलाते
प्रातः काल खिलते, शाम होते ही मुरझाते
ज्ञानगंध से सुपोषित एकमात्र पुष्पालय
सत्यं शिवं सुन्दरं का सुमेल पुस्तकालय।।३।।

जीवन के द्वन्द्व, मन-बुद्धि के परस्पर युद्ध
मिलते हैं हमें यहाँ कृष्ण, शंकर और बुद्ध
आत्मा की जिज्ञासा का एकमात्र उत्तरालय
सत्यं शिवं सुन्दरं का सुमेल पुस्तकालय।।४।।

आत्मा की कराह जब नहीं सुनता संसार
ईश्वर बन पत्थर जब दिखते विवश, लाचार
निज क्रन्दन को कहने का एकमात्र देवालय
सत्यं शिवं सुन्दरं का सुमेल पुस्तकालय।।५।।

इन्द्रियों के भोग से क्या मिलता सुख अपार ?
नशा मुक्त होकर करता हर प्रातः विचार!
नित्य नशा कराने का एकमात्र मदिरालय
सत्यं शिवं सुन्दरं का सुमेल पुस्तकालय।।६।।

जिए जाते हैं

साहिल सिंह
बी.ए. अर्थशास्त्र (विशेष) तृतीय वर्ष

नादान बचपन की आसमानी ख़्वाहिशों की दुनिया छोड़,
अब इस बेहिस दिल की रिवायत-ए-बोझ ढोए जाते हैं।
फिर भी तंगहाली के हाल में, उम्मीद का दामन थाम,
अपने ज़िंदादिल परछाई की तलाश में खोए जाते हैं।
जब उड़े ख़ुद की तलाश में तो उलझनों की जकड़ में यूँ बँधे,
के बख़ूबी घायल हैं, फिर भी मंज़िल की ओर बढ़े जाते हैं।
इस बेतुके सफर में कमबख़्त ख़ुद से ही रंजिश कर बैठे,
वरना इक कब्रिस्तान में हयात के निशान भी कहाँ ढूँढे जाते हैं।
दिल के ज़ख्मों को झूठी हँसी के मुखौटे से छुपा,
दुनिया को अपनी ख़ुशी की फ़रेबी दास्ताँ सुनाते हैं।
बावजूद इसके गिरे जो एक भी अश्रु-रक्त लबों पर,
निगल चुपचाप उस भार को, अपना कारवाँ बढ़ाते हैं।
धधकते हुए अंतःअगन में फँसे तूफ़ान के मझधार,
बिना मरहम के झुलस कर नित हसरत किए जाते हैं।
अनंत काली सी होती ये घटाएँ सुनहरे सहर के इंतज़ार में,
फिर भी बस जिए जाते हैं, जिए जाते हैं, जिए जाते हैं।

मेरे प्रिय

सिब्बू
बी. ए. हिंदी (विशेष) द्वितीय वर्ष

मोहब्बत की है मैंने ऐसी
खुदा भी दूर न कर पाए।
अपने प्रिय के निधन पर
दुशाला ओढ़ हम अपना
जीवन महकाए।
उनकी याद में आंसुओं की नहीं
कलम की प्रलय लिए आए
उनकी यादों को धागों में पिरो
जीवन के सांसों को गिने जाए।
हो फना ये आस लिए
उनकी आत्मा से मिलन हो जाए।
मेरे प्रिय के पुनः दर्शन हो जाए।
पुनः दर्शन हो जाए।।

विश्वास का परिंदा

नवनीत कुमार
बी. ए. हिंदी (विशेष) प्रथम वर्ष

"घायल तो यहां हर एक परिंदा है,
मगर जो फिर से उड़ सका वही जिंदा है।"

विद्या, कला, कविता, साहित्य, धन, राजस्व, ज्ञान, विज्ञान और आचार प्रचार से भी विश्वास की शक्ति अधिक ज्योतिष्मती है। विश्वास की शक्ति को प्राप्त एक कंगाल व्यक्ति भी जुगनू की भांति निशागन में भी अपनी पहचान बना सकता है। विश्वास की शक्ति को अपने रुह में उतार कर एक पंगु व्यक्ति भी तूफानों को धूल चटा कर भीमकायवान धराधरों पर अपनी विजय पताका फहरा सकता है। विश्वास की शक्ति को पहचान कर एक नेत्र विहीन व्यक्ति भी इस दुनिया में चंद्रकला निशा में मयंक की भांति अपना नाम बना सकता है। कर्ण विहीन व्यक्ति भी अपने हयात को एक परिंदे की भांति सफल बना सकता है।

विश्वास की भाषा मौन है। यह एक ऐसी भाषा है जिसमें शब्द नहीं है। विश्वास एक ऐसी कला है जो सभी कलाओं में सर्वश्रेष्ठ है। यह एक ऐसा विज्ञान है जो सभी विज्ञानों में श्रेष्ठतम है। यह एक ऐसा ज्ञान है जो सभी ज्ञानों में अद्वितीय है। विश्वास एक ऐसी अंतःशक्ति है जो सभी शक्तियों में अतुलनीय है। विश्वास का नाम लेते ही लेखक की लेखनी से शब्दों का राग निकलने लगता है। वक्ता की वाणी में विश्वास पैदा होने लगता है। चिड़ियों में कलरव होने लगता है तो तितलियों में भवरों के साथ खेलने की अभिलाषा पैदा होने लगती है। सूरज में नई ऊर्जा का जन्म होने लगता है तो मेघों में मुस्कान के परमाणुओं का संचार होने लगता है। मौसम में मानसून के साथ खेलने की नई ताजगी आने लगती है, तो सरोजों में कलियों की खिलखिलाहट मंडराने लगती है। समंदरो का सीना चौड़ा हो जाता है तो धराधरो का सिर गर्व से आसमां को सलामी देने लगता है। विश्वास का नाम लेते ही बड़ी-बड़ी मुसीबतें अपने आपको नीच दिखाकर अंधकार की भांति आलोक से पीछा छुड़ाकर भागने लगती है। विश्वास का प्रभाव मनुष्य के जीवन पर चिरस्थाई होता है और आत्मा का एक अंग बन जाता है। विश्वास की भाषा इतनी बलवती, इतनी महान और इतनी अर्थवती है कि दरिया को समंदर से कभी अलग ही नहीं किया जा सकता है। वह विश्वास ही है जिसने मछलियों को समंदर से दोस्ती करवाई। वह विश्वास ही था जिसने सुदामा जैसे भिखारी को कृष्ण जैसे राजराजेश्वर के उर (दिल) में जगह बनाने में मदद की। विश्वास पर किसी ने क्या खूब कहा है-

हर मुसीबत में मैं तेरे साथ हूं,
तूने मुझे पहचाना नहीं में, आत्मविश्वास हूं।'

आत्मविश्वास की भाषा भी शब्द रहित है। जीवन का सार भी शब्द से परे है। जीवन के अरण्य में धसे हुए पुरुष के ह्रदय पर प्रकृति और विश्वास का अद्वितीय प्रभाव पड़ता है। हमारे' मन' जैसे अद्वितीय' सुनार 'ने इस विश्वास को क्षण भर में ही नुकीले प्रस्तरों से भी अधिक धारदार बना देता है। हमारी वसुंधरा को कितना गर्व होता होगा जिसने करोड़ों वर्षों से मन में इस विश्वास को लेकर समंदरो के नीचे एक- एक पत्थर का एक- एक परमाणु डुबो- डुबोकर उसे विचित्र हथौड़े से सुडौल किया होगा तब कहीं बर्फ का आंचल ओढ़े हुए

हिमालय जो अति सुंदर, अति ऊंचा और अति गौरवान्वित मालूम होता है, के दर्शन हुए।

विश्वास तो द्विधारी तलवार से भी ज्यादा खतरनाक है। यह एक ऐसी भाषा है जिसके शब्द तो हाइड्रोजन बम से भी ज्यादा भयावह हैं। मध्य काल के एक कवि और युवराज अकबर के दरबार के नवरत्न कहे जाने वाले अब्दुर्रहीम खानखाना का एक प्रसिद्ध दोहा है-

"रहिमन जिह्वा बावरी कही गई सरग पताल
आपु तो कहीं भीतर रही जूती खात कपाल"

अर्थात् जीभ भी कैसी बावली है कि कुछ भी बोलकर खुद तो अंदर चली जाती है और जूतियां सिर पर पड़ने लगती है। यह शब्दों की मार बहुत तीक्ष्ण भी है और बहुत मीठी भी। यह मीठी और तीक्ष्ण हमारा विश्वास ही करता है। प्रसिद्ध शायर अकबर इलाहाबादी का एक कथन है कि-

"खींचो ना कमानो को न तलवार निकालो
जब तोप मुकाबिल हो तो अखबार निकालो "

यानी तोप का मुकाबला तो केवल विश्वास के शब्द ही कर सकते हैं। विश्वास की चचेरी बहन आस्था है, जो ज्ञान के आधार के बिना किसी परिघटना के सत्य मानने का विश्वास है। विश्वास हमारे गात की वह ज्ञानेंद्रिय है जो सभी ज्ञानेंद्रियों में एकता रखते हुए भी सर्वोपरि है। विश्वास के अभाव में एक जीवित व्यक्ति भी मृत प्राणी का रूप ले लेता है। विश्वास के अभाव में हम अपने इस छोटे से मन में अगणित रंग-बिरंगे सपनों को पूर्ण करने में सफल नहीं हो सकते क्योंकि -

"उम्मीदें तैरती रहती हैं,
कश्तियां डूब जाती है,
कुछ घर सलामत रहते है,
आंधियां तब भी आती है,
बचा ले हर तूफान से उसे आश कहते है,
बड़ा मजबूत है ये धागा जिसे विश्वास कहते है।

जी हां जिसे आप पढ़ रहे है कि ये विश्वास बड़ा मजबूत धागा है इसका गवाह हमारा तवारीख है।" हर तलाश का अंत विजेता के सख़्त इम्तिहान के साथ होता है और रात का सबसे अंधेरा क्षण भोर होने के ठीक पहले होता है। "आइए मैं आपको ले चलता हूं उस सच्ची कहानी की ओर जिसमे विश्वास एक जीवन बन जाता है। जब चित्रकूट के अनजाने से घने जंगलों में मां सीता का हरण कर पापी रावण लंका ले जा रहा था तो मां सीता को बचाने के लिए जटायु को शक्ति विश्वास ने ही दी थी। विश्वास तो हनुमान में था जिसने मां सीता का पता लगाने के लिए सिंधुओं का सीना भी चीर दिया। मां सीता को भी विश्वास था कि इस चराचर जगत के पालन हारी राजराजेश्वर श्री राजा दशरथ के जेष्ठ पुत्र पुरूषोत्तम श्री राम यहां तक जरूर आएंगे और लंका का रावण सहित विनाश करेंगे। मैं विश्वास की दात तो वीरवर भगवान राम के शांतिदूत तथा बाली के पुत्र अंगद की देना चाहता हूं जिसने राक्षस लोक (लंका) में भरी महफिल में अपने पैर को जमा दिया और राक्षसकुंडली में किसी भी राक्षस की औकात न हुई की वह उसके पैर को हटा सके। विश्वास ने ही तो कलयुग में पड़े हुए कोयले को ख़ाक से उठाकर इस रंग बिरंगी सुनहरी दुनिया के फलक पर बैठा दिया है। विश्वास वह शिखी है जो हीरे जैसे पदार्थ को अपने गोद में बैठा कर उसे लक्ष्यमूल्य पदार्थ बना देती है। विश्वास तो उस वॉलीबॉल खिलाड़ी और धूल भरी गलियों से चलकर अपने हयात को निशाचल में हंस भांति दैदीप्यमय करने वाली पहली दिव्यांग पर्वतारोही अरुणिमा सिन्हा की है, जो एक पैर न होते हुए भी माउंट एवरेस्ट पर अपनी विजय पताका फहरा कर अपने नाम को तवरीख के पन्नों पर दर्ज करा दिया। विश्वास कभी शक्ल, उम्र, रंगरूप, अमीरी गरीबी या पैसे देखकर नहीं आता यह तो किसी चीज को पाने के लिए आने वाली मुसीबतों को मुकम्मल जवाब देने के लिए मन में आग लगने से आता है। आप उस' माउंटेन मैन' अर्थात् दशरथ मांझी के बारे में सोच सकते हैं, जिसके मन के कोरे पन्ने के किसी कोने में एक एक बूंद की भांति विश्वास का घड़ा भर रहा था। मन में विश्वास का एक जुनून था जिसके बल पर 22 सालों का अंतःस्तल की गहराइयों से स्वागत करते हुए उसने 110 मीटर लंबी श्रृंखला का सीना चीर कर एक रास्ते को ईजाद किया। वह पहाड़ मांझी से परास्त तो हो गया पर मांझी अपने आंखो की दरिया को रोक न पाया। कहते ही हैं कि-

तुम जीत कर भी रो पड़ोगे, कुछ इस कदर तुमसे हारेंगे हम।

विश्वास तो उस टेलीफोन के आविष्कारक एलेग्जेंडर ग्राहम बेल में था। आप सोच सकते है वह ग्राहम विश्वास का कितना धनी होगा। टेलीफोन को बनाने में उसने कितने ही तारों को इधर से उधर जोड़ा होगा। कितनी ही बार तो उसके विश्वास ने उसका नाम इतिहास के पन्नों में दर्ज करवाने के खिलाफ हो गए होंगे। मगर किसी ने सही ही कहा है कि-

'जमीर ज़िंदा रख कबीर जिंदा रख,
सुल्तान भी बन जा तो दिल में फ़क़ीर ज़िंदा रख,
हौसले के तरकश में कोशिश का वो तीर जिंदा रख,
हार जा चाहे जिंदगी में सबकुछ मगर फिर से जीतने की उम्मीद जिंदा रख।'

विश्वास और उम्मीद सगे सहोदर भाई ही है। बस अंतर इतना है कि रक्त में समानता होते हुए भी सोच में असमानता है। विश्वास करने वाला जिस पर विश्वास करता है उससे कुछ पाने की उम्मीद नहीं रखता, विश्वास में संतोष का भाव झलकता है तो वही उम्मीद में आश्रय और सहारे का। उदाहरण-जैसे अयोध्या नरेश पुरुषोत्तम श्री राम को वीरवर हनुमान और अंगद की वीरता पर विश्वास था तो वही उनकी भक्ति पर भरोसा।

1913 में साहित्य में नोबेल पुरस्कार विजेता गुरुदेव रवींद्र नाथ टैगोर ने लिखा है कि " विश्वास वह पक्षी है जो प्रकाश अनुभव

करता है और तब गाता है जब भोर अभी भी अंधेरे में है।" विश्वास और जुनून परस्पर सगे संबंधी रिश्तेदार ही है। इनका आपस में वही संबंध है जिस तरह मौलिक अधिकारों और मौलिक कर्तव्य का आपस में संबंध है। अर्थात् दोनों में चोली दामन का साथ है। यही चोली दामन का साथ एकलव्य के मन में भी पनप रहा था जिसको मिटाने के लिए द्रोणाचार्य ने एड़ी चोटी का जोर लगा डाला लेकिन मिटा ना सका क्योंकि दीप्ति को कभी प्रकाश से अलग ही नहीं किया जा सकता है। ऊपर वर्णित मौलिक कर्तव्य और अधिकारों अर्थात् भारतीय संविधान को अपने रक्त की एक-एक बूंद के एक-एक परमाणु की स्याही से लिखने वाले बाबा साहब (BR AMBEDKAR) में भी जुनून और विश्वास की अतुलनीय क्षमता थी, जिसके बल पर उन्होंने भारत का नाम अंधकार के गर्त से उठाकर आलोक के विश्व मंच पर रख दिया। विश्वास तो हर एक परिंदे में होता है लेकिन किसी में ज्यादा तो किसी में कम और यही विश्वास हिंदुस्तान के असली नायक' मेजर कुलदीप सिंह चांदपुरी में था जिसने सन 1971 की लड़ाई में अनजानी रात में 120 सैनिकों की टुकड़ी के साथ 6000 पाकिस्तानी सैनिकों की टुकड़ी का सामना करने के लिए राजस्थान के लोंगेवाला (जिला-जैसलमेर) पहुंचा। विश्वास ने ही अब्दुल हमीद (भारतीय सैनिक गाजीपुर) को देशनायक बना दिया। विश्वास तो इंसान की सोच में होता है जैसी सोच होगी विश्वास वैसा ही होगा। विश्वास तो कच्ची मिट्टी के समान है जिससे आप मंदिर बनाये या मस्जिद। यह आपके ऊपर निर्भर करता है कि आप एक आधी भरी बोतल को आधी भरी बोतल कहे या आधी खाली बोतल।

मारिया स्नाइडर कहती है कि भरोसा करना कठिन है, यह जानना कौन भरोसा करने लायक है और भी कठिन है। * बालसखा में चित्रकार बनने की अभिलाषा को लेकर हिटलर ने इसी कच्ची मिट्टी को अपने मन में संजोकर रखा था, जिसके बल पर वह सन 1933 में जर्मनी का चांसलर और सन 1939 में जर्मनी का तानाशाह बना। वह विश्वास ही था जिसके बल पर सिकंदर (मकदूनिया यूनान का राजा) ने पूरी दुनिया को जीतने का मन बनाया था। विश्वास मन की वह शक्ति है जो बिना हथियार उठाए बड़े-बड़े धराधरो को घायल कर सकता है। गांधी जिसे राष्ट्रवादी नायक की उपाधि दी जा सकती है के मन में विश्वास का अथाह समंदर था जिसके बल पर उसने विस्तारवादी अंग्रेजों को धूल चटाकर पुनः लौटने के लिए विवश कर दिया। और यही विश्वास का अथाह समंदर राजपूतों के शेर अर्थात् मेवाड़ केसरी राणा प्रताप में उबाल मार रहा था। आप तवारीख के पन्नो में दर्ज हल्दीघाटी के युद्ध (18जून 1576) से जरूर रूबरू होंगे। यह वही लड़ाई थी जिसमे राणा ने विश्वास के बल पर अपनी छोटी फौज के साथ अकबर (मुगल शासक) की विराट सेना का दिलोजान से सामना किया। आइए मैं आपको ले चलता हूं गांव की उन पगडंडियों में जिसकी धूल भरी गलियों से चलकर हम और आप दिनकर की आरुषि (सूरज की पहली किरण) का हृदय की गहराइयों से स्वागत करते हुए स्कूल के आंगन में खगो की भांति मुस्कुराकर इन पंक्तियों को झूम - झूम कर पढ़ा करते थे-

सौभाग्य न सब दिन सोता है,
देखे आगे क्या होता है,
मानव जब जोर लगाता है,
पत्थर पानी बन जाता है।"

जी हां ये वह पंक्तियां हैं जिसे हम और आप स्कूल के आंगन में पढ़ा करते थे। ये वे पंक्तियां हैं जो मृत गगनचर (परिंदा) में भी जीवन की बूंदों को डाल देती है। ये पंक्तियां मानव में विश्वास का बखान कर रही है। यह ऐसा विश्वास है जो भीमकलेवरवान पहाड़ों के दिल को भी पिघला देता है। कहने का प्रयोजन है कि विश्वास से ही व्यक्ति में जीतने की उम्मीद पैदा होती है अर्थात् विश्वास ने ही इंसान को जीना सिखाया वरना इंसान सोच के किस गर्त में पड़ा था उसको खुद ही नहीं पता। प्रसिद्ध शायर अजहर फराज की एक लोकप्रिय शायरी है-

'दीवारें छोटी होती थी लेकिन पर्दा होता था, तालों की इजाज से पहले सिर्फ भरोसा होता था।

आज ताले तो बहुत बड़े हैं मगर लोगों के विश्वास बहुत छोटे हैं। विश्वास वह पेड़ है जो जलधिपाद से लेकर पहाड़ों की चोटियों तक तो रेगिस्तान की कटीली झाड़ियों से लेकर अनूप (ज्वारीय वन या डेल्टाई) वनों में भी अपने जीवन को प्रफुल्लित करता रहता है। विश्वास का पौधा कभी न मुरझाने वाला है। विश्वास हमेशा जिंदा था, है, और रहेगा। अंत में यही कहूंगा.......

** तुम सितारों के भरोसे पे न बैठे रहना,
अपनी तदबीर से तक़दीर तुम बनाते जाओ**।

बंजारापन

साहिल सिंह
बी.ए. अर्थशास्त्र (विशेष) तृतीय वर्ष

आज़ाद परिंदा हूँ तो फिर भी,
गुलाम आज़ादी का मैं।
पाँव टिके ना किसी डगर पर,
उस्ताद बंजारगी का मैं।
एक पल यहाँ, एक पल वहाँ,
मन से भी चंचल ये कदम।
बेफ़िक्र भटकता नित फिरूँ मैं,
अब सफ़र सदा मेरी सनम।
मैं नीलगगन का इक बादल,
कुछ आवारा सौदाई भी।
कोई रहबर साथ नहीं तो क्या,
सह लेता हूँ तन्हाई भी।
चल इस डगर से उस डगर,
एक मोड़ पर मैं भी रुका।
ठहराव की सर-ख़ुशी को देख,
बन बेकरार मैं भी झुका।
अब चैन की लूँ साँस मैं भी,
हो मन का बसने का विचार।
ओझल - सी ख़्वाहिश मेरे मन में,
ये जीवन हो फ़स्ल-ए-बहार।

बेअंजाम हसरतें (रुबाइयाँ)

अभिषेक द्विवेदी
बी.ए. हिंदी (विशेष) द्वितीय वर्ष

तेरी हर कमी क़ुबूल मुझे
ज़रा भी ध्यान न रहे उसूल मुझे
मैंने अपनी अमानत में संभाल रक्खा है
जो तूने प्यार से दिया था फूल मुझे

तेरी हँसी में कशिश कुछ अजब-सी है
हर लफ्ज़ तेरा बसीरत-तरब-सी है
देखने वालों को मालूम क्या
तेरी आँखों में चाहत लहब-सी है

जब चाँद तेरा दीदार करेगा
आँख मींज़ कई बार करेगा
दिल में चुभेगा फिर भी
अपनी खूबसूरती पर धिक्कार करेगा

तेरी यादों की चादर ओढ़े बैठा हूँ
अपने लफ़्ज़ों में खुदको तुझसे जोड़े बैठा हूँ
कभी लौट आना इसी मोड़ पर
अपने ख़्वाबों का दर खुला छोड़े बैठा हूँ

तेरे दर पर निगाहें जमीं रह गईं
ख़ामोशी लबों पर थमीं रह गईं
तू आयी नहीं, कोई शिकवा नहीं
बस आँखों में बेचैनी और नमी रह गईं

चाँदनी मेरे दामन पे पड़ती रही
रूह तन्हाइयों से धधकती रही
मैं जलता रहा चाँदनी के तले
और दुनिया इसे रात कहती रही

ख़्वाब जो देखे अधूरे रह गए
तेरी यादों के निशां पूरे रह गए
चाहकर भी तुझे पा न सके
कमबख़्त फासले दरमियां हमारे रह गए
तेरी महक का एहसास अब भी जारी है
दिल की धड़कन में हलचल भी भारी है
यादें समेट लीं हैं तेरी, मगर
इन आँखों में अब भी नमी सारी है

तू आयी नहीं कोई मसला नहीं
तेरी चाहत में अब वो ज़ज़्बा नहीं
जो दिल में था लफ़्ज़ों में ढल ना सका
अब अश्कों में बह जाए, बुरा भी नहीं

नाटक और जिंदगी

नीरज कुमार साहू
बी.ए. हिंदी (विशेष) तृतीय वर्ष

मेरे सारे किरदार जा रहे हैं
किसी कहानी के अंत की तरफ
जहाँ कोई और कहानी उनका इंतज़ार कर रही है।

जो मेरे किरदार है,
यानि इस कहानी में किराएदार है,
वो जा रहे हैं,
किराएदार हमेशा से जाने के लिए होते हैं
और ...
चले जाते हैं जब,
उन्हे किसी घर का ठिकाना मिल जाता हैं।
ठीक उसी तरह मेरे किरदार भी जा रहे हैं
इस ज़िन्दगी के नाटक के अंज़ाम की तरफ
जहाँ कोई और कहानीकार,
उनका इंतेज़ार कर रहा है
किसी चकोर की भाँति
वो इंतज़ार कर रहा है इस नाटक के खत्म होने का,
पर्दा गिरने का,
ताकि उसका नाटक जिसे कुछ लोग सुकून कहते हैं और कुछ मौत
एक अपरिचित... अनिश्चित ... अंतहीन आरंभ की ओर बढ़ सकें
जिसके आरम्भ का मतलब है
मेरा अंत।।

मेरे सारे किरदार लगभग जा चुके हैं
मैं अपनी देह के पास बैठा हूँ
और अब पर्दा गिरने वाला है।।

जज़्बात अल्फ़ाज़ों के मोहताज नहीं होते

अभिषेक द्विवेदी
बी.ए. हिंदी (विशेष) द्वितीय वर्ष

जज़्बातों का भी क्या कहना, ये कभी बयान नहीं होते
ये तो वो खामोशियाँ हैं, जो लफ़्ज़ों में बयाँ नहीं होते।

दिल की गहराइयों में छुपे अरमान होते हैं
हर धड़कन में बसी एक जुस्तजू के निशान होते हैं।

जब आंसू बहते हैं, रूह तक भीग जाती है
मुस्कराहट की ओट में छुपी उदासी भी निकल आती है।

ये जज़्बात वो नग़में हैं, जो बिना सुर के गाए जाते हैं
आँखों की चुप्पियों में, दिल की सदाएं समाए जाते हैं।

इश्क़ का रंग, हुस्न की अदा में नज़र आता है
दिल का दर्द, नज़्मों की सदा में बसर पाता है।

तन्हाईयों में भी गुफ़्तगू कर लेते हैं
ख़्वाबों में बसी हकीकतें बयाँ कर देते हैं।

जज़्बातों की ये दुनिया हैं, बस महसूस करने की
लफ़्ज़ों की तासीर नहीं, दिल से समझने की।

हर एहसास की अपनी एक कशिश होती है
और हर ख्वाब की अपनी एक तिश्नगी।

जज़्बात अल्फ़ाज़ों के मोहताज नहीं होते
ये दिल से दिल तक पहुंचते, कभी नाशाद नहीं होते।

स्त्री : मानवीय इतिहास की नीरव निर्मात्री

शुभम आनंद
बी.ए. (प्रोग्राम) तृतीय वर्ष

इस पृथ्वी पर मानव की उत्पत्ति कैसे हुई ? इस गूढ़ प्रश्न को हर धार्मिक समुदाय ने अपने तर्क, विचार और मान्यता के आधार पर उत्तर देने का प्रयास किया है।हिंदू धर्म की मान्यताओं के अनुसार प्रथम पुरुष मनु और प्रथम स्त्री शतरूपा के संयोग से मानव जाति अस्तित्व में आई।ईसाई, इस्लाम और यहूदी धर्म का संयुक्त मत है कि एडम और ईव के संयोग से मानव जाति की उत्पत्ति हुई।इस प्रकार हम देखते हैं इन मान्यताओं में इस तथ्य की तुल्यता है कि मानव की सृष्टि में पुरुष और स्त्री दोनों की सहभागिता है। तो अब प्रश्न यह उठता है कि सृजन काल से वर्तमान कालावधिपर्यंत ऐसी कौन सी घटनाएं हुई जिससे मानव जाति की जननी मानवीय समाज में ही हाशिये पर चली गई ? यदि हम इतिहास को खंगालें तो पाएंगे कि नारियों की आज-सी कुस्थिति हर दौर में नहीं थी।सिंधु घाटी सभ्यता के बाद जब वैदिक काल अस्तित्व में आया तो उस दौर में महिलाओं के अधिकार पुरुषों के समतुल्य थे,उन्हें सभाओं में जाने और विचार रखने की स्वतंत्रता थी यहां तक कि उन्हें अपने पति स्वयं चुनने की आज़ादी थी लेकिन उत्तर वैदिक काल आते - आते समाज का स्वरूप बिलकुल उलट चुका था और अब वह नारी सम्मान और अस्मिता की समाधि पर बना पितृसत्तात्मक रूप अख़्तियार कर चुका था। कालांतर में पितृसत्ता की जड़ें और पुष्ट होती गईं, वहीं नारी की निरंतर उपेक्षा उनकी नियति बन गई।लेकिन जलधारा पर भला कब तक चट्टानों का जोर चलता है, अंततः चट्टानों को रास्ता देना ही पड़ता है।

शतवर्षीय युद्ध (Hundred Years of War) की अग्नि में जब पूरा फ्रांस दग्ध हो गया था तब एक स्त्री ने ही आगे आकर अपने देश की प्रतिष्ठा की रक्षा की थी,अनेक प्रांतों और आपसी युद्ध में बँटे - बिखरे स्पेन को एक स्त्री ने ही एकसूत्र में पिरोकर अखंड स्पेन की नींव रखी थी, हमारे अपने देश में जब औपनिवेशिक सत्ता नग्न नाच कर रही थी, तब एक स्त्री ने ही राजमहल से युद्धस्थल में कूच कर अपनी आहुति देकर अपने देश की आबरु की रक्षा की थी।ऐसे उदाहरण अनगिनत हैं।

जब - जब समाज या देश पर संकट की बिजली कौंधी है,तब-तब महिलाओं ने हाथ के कंगन उतार असि धारण कर उसकी रक्षा में अपनी आहुति दी है।

पर समाज की स्मरण शक्ति बेहद क्षीण होती है,उसने अपनी नायिका और निर्मात्री को बड़ी तेज़ी से विस्मृत कर दिया है। पितृसत्ता की आंधी में आज उन निर्मात्रियों का स्वर नीरव-सा मालूम होता है।

स्पर्श

सौरभ सिंह, बी. ए. हिंदी (विशेष) प्रथम वर्ष

जब भी स्पर्श शब्द का जिक्र, मेरे ज़हन में आता है, मुझे फ़ौरन तुम्हारा ख़्याल आता है

मेरे श्रृंगार का तुम प्रथम स्पर्श हो

मैं स्वयं भूतल तुम मेरी अर्श हो,

कभी महसूस किया है वह पहला स्पर्श, जब उंगलियां धीरे से छूती है, हड्डियों में झुरझुरी सी दौड़ जाती है। ऐसा लगता है मानो दुनियां थम सी गई हो, दिलों मे आतिशबाजी हो रही हो। फिर वो पहली झप्पी की गर्माहट, ये छोटे-छोटे लम्हे ही तो, हमारे साथ हमेशा रहते हैं। किसी खास का वो पहली छुअन, वो एहसास, जो रोमांचित करता है। दिल को भर देता है, जिंदा होने का एहसास दिलाता है, फिर वह पहला गर्म आलिंगन जहां वक़्त ठहर जाता है। एक स्पर्श के फुसफुसाहट में प्यार बहुत कुछ कह जाता है। जब स्पर्श शब्द दिमाग में आता है, तो सबसे पहले तुम्हारी याद आती है। तुम्हारा स्पर्श ... मेरे प्यार, मेरे आत्मा का पहला श्रृंगार है। वह कोमल ब्रश मुझे जगा देता है। तुम मेरे जमीन के लिए आसमान हो, जो अनंत तक फैला हुआ है। मुझे प्यार से थामे हुए है। तुम्हारे आलिंगन में मुझे अपना घर मिल जाता है। जहां शब्दों की जरूरत नहीं होती और सिर्फ दिल ही बात करता है। हर एक प्यार भरी छुअन, एक नाजुक स्पर्श मेरे अंदर एक संगीत जगा देता है। इन्हीं लम्हों में मुझे एहसास होता है, कि प्यार सिर्फ एक जज्बात नहीं है। यह दो प्रेम करने वाली आत्माओं का एक खूबसूरत नृत्य है।

दोस्ती

शायोन उपाध्याय, बी.ए. अर्थशास्त्र (विशेष) तृतीय वर्ष

यूँ साथ चलने का नाम है दोस्ती,
और रूठकर, फिर मुस्कुराना भी है दोस्ती।
इस दोस्ती को निभाना, यूँ आसान तो नहीं,
मगर निभा लेना जिंदगी भर, उसी का नाम है दोस्ती।
पर ना जाने, हमसे क्या खता हुई,
यार तुम हमसे रूठे, ना जाने ऐसी क्या बात हुई?
पहले जिससे दूर ना रहते थे तुम,
बिछड़ने की ना जाने, फिर यह क्यूँ आज बात चली?
जिंदगी के इस मोड़ पर,
ए दोस्त मुझे तुम याद रखना।
मिलना नसीब हुआ कहीं-किसी मोड़ पर अगर,
उस रस्ते पर तुम बस मेरा इंतज़ार करना।
वक़्त का खेल यूं चला है,
जो था कभी आज, वो आज कल जैसा लगता है।
हाथ पकड़ के चलाया जिन्हें,
आज यादों के सफर में उन्हें ही रुलाया है।
मौका मिले ना मिले, फिर कहीं मिलने का,
यही आखिरी मौका है, दोबारा हंसने और मुस्कुराने का।

रस्ता खुद मिल जाएगा

अक्षिता कौशिक, बी. ए. हिंदी (विशेष) द्वितीय वर्ष

शुरू से शुरू करने में
मन तेरा विद्रोह दिखाएगा
पर तू हिम्मत बांधे चलता रह
रास्ता खुद मिल जाएगा..

भटकेगा भी चित्त ये तेरा
मिटाने लगेगा घेरा तेरा
पैर थकेंगे, आँख दुखेगी
धड़कन में दिल खो जाएगा
पर तू हिम्मत बांधे चलता रह
रास्ता खुद मिल जाएगा..

बोलेंगे सब वाणी अपनी
मनवाना चाहेंगे कहानी अपनी
हो सकता है तू थक जाएगा
अपनी बात किसी से कह नहीं पाएगा
पर तू हिम्मत बांधे चलता रह
रास्ता खुद मिल जाएगा..

रात का घनघोर अंधेरा
पथ से तुझे डिगाएगा
फिर दूर थके उस राहगीर को
ध्रुवतारा दिख जाएगा
बस तू हिम्मत बांधे चलता रह
रास्ता खुद मिल जाएगा..

उलझन

उत्कर्ष शुक्ला, बी.ए. हिंदी (विशेष) तृतीय वर्ष

तुम्हें याद है जब मैं मिला
या भूल गए कब मैं मिला?

याद तो ना हो लेकिन मेरी बात तो होती होगी
बात तो ना सही मेरी यादों की किताब तो होती होगी?

चलो माना भूल गए
पर भूलने का एहसास तो होगा?

क्या जिन्दगी गुजार दोगी मेरे बिना
ऐसा क्या खास होगा जो मुझसे बढ़कर तुम्हारे पास होगा ?

क्या तुम मुझे इतनी आसानी से भूल जाओगी
क्या फिर से कभी साथ रहने की कसमें खाओगी?

क्या फिर से कहीं कभी हमारी बात होगी
क्या फिर से कहीं हमारी मुलाकात होगी?

चलो मुझे याद ना सही, बात तो करो
बात ना सही मुलाकात तो करो
हो सकता है तुमसे जो
कम से कम वो प्रयास तो करो।

मैं और तुम

अनुज मिश्रा
बी.ए. हिंदी (विशेष) तृतीय वर्ष

मैं आकाश, तुम विहग बनो,
मैं चंद्र, किरण तुम बन जाओ...
पूरे जग में भानु सदृश,आभा अपनी तुम फैलाओ।

मैं नयन बनू, तुम अश्रु बनो,
मैं शरीर, प्राण तुम बन जाओ...
मेरे हिय में बसने वाली, स्पंदन हर क्षण की बन जाओ।

मैं तुषार, तुम धरा बनो,
मैं पुहुप, सुवास तुम बन जाओ...
मन मन्दिर में रमने वाली,देवी की मूरत बन जाओ।

मैं सावन, तुम काली घटा बनो,
मैं बारिश, तुम बूंदे बन जाओ...
मेरे जीवन के पतझड़ में, हरियाली बन के आ जाओ।

मैं शैल बनू, तुम स्रोत बनो,
मैं सागर, तुम लहरें बन जाओ...
इंद्रधनुष के रंगों सम, सतरंगी तुम बन जाओ।

मैं शब्द बनू, तुम अर्थ बनो,
मैं तम, प्रकाश तुम बन जाओ...
इस निर्जन पथ में संग चलकर, साथी मेरी बन जाओ।

मैं कहा करूं, तुम सुना करो,
मैं ना समझूं, तुम समझाओ...
पग- पग में उत्तम मित्र सदृश, त्रुटियों को मेरे बतलाओ।

कलम उठा मैं लिख चलूँ

सलोनी भारती
बी. ए. अंग्रेज़ी (विशेष) तृतीय वर्ष

शोरगुल के अंतराल जब मौन हृदय रक्त हो
खिन्न होती मनोदशा पर मुखस्मिता सशक्त हो
घुट-घुट के अंदर मैं क्यूँ ऐसे बिलख चलूँ?
कलम उठा मैं लिख चलूँ
कलम उठा मैं लिख चलूँ....

उजाड़ कर बिगाड़ कर जो पहिया एक प्राण का
उठूं मैं ज़ोर डाल कर जो दांव लगा मान का
मैं जीत हूँ मैं हार के क्यूँ हाथ ऐसे बिक चलूँ?
कलम उठा मैं लिख चलूँ
कलम उठा मैं लिख चलूँ....

नेत्रनीर शुष्क हैं अब नहीं विवाद भाव से
घोषणा ये कर दूं मैं विश्वास के प्रभाव से
के शक्तिहीन ना समझ मैं नंगे पाँव टिक चलूँ
कलम उठा मैं लिख चलूँ
कलम उठा मैं लिख चलूँ....

तुम बाँध दो मैं ना रुकूँ, तुम रौंद दो मैं ना थकूँ
लक्ष्य प्राप्ति पहले तक मैं रोक ना कदम सकूँ
भार सारा पृष्ठ पर उतार कर अडिग चलूँ
कलम उठा मैं लिख चलूँ
कलम उठा मैं लिख चलूँ....

है अँधेरी रात मगर, दीया जलाना कब मना है

(हरिवंश राय बच्चन से प्रेरित)

सलोनी भारती
बी. ए. अंग्रेज़ी (विशेष) तृतीय वर्ष

कैसी ये शत्रुता हुई मानव मन के विश्वास से
रिक्त स्थान प्राण में रोशनी के आस से
माना के आशा ना बची देह दर्द से सना है
है अँधेरी रात मगर, दीया जलाना कब मना है

जीवन का एक पहलू होगा जो ऐसी दशा लाएगा
विजयी भी खुद की योग्यता का प्रमाण दे ना पाएगा
गायेंगी ऋतुएँ किंतु भाव ऐसा के बादल घना है
है अँधेरी रात मगर, दीया जलाना कब मना है

चित्त का विषाद जब रोके है स्वप्न दृष्टि को
खुद को सिद्ध कर सको ना इस समस्त सृष्टि को
तब भी अडिग तू रहना के बाकी अभी तो आसमाँ है
है अँधेरी रात मगर, दीया जलाना कब मना है

जो जल रही अग्नि प्रचंड चक्षु में वो जलने दे
हृदय में हो जो शून्यता हृदय को तू सँभलने दे
पर छोड़ ना तू रास्ता के रास्ता अभी बना है
है अँधेरी रात मगर, दीया जलाना कब मना है

चारों भुजाएं शक्तिहीन हो ना जाये जब तलक
चारों दिशाएँ बाधाओं से खो ना जाये जब तलक
तब तलक तू चलना क्यूँकी निद्राहीन आत्मा है
है अँधेरी रात मगर, दीया जलाना कब मना है

जो थम गए हों अश्रु तो, ऊँचा कपाल अब करो
शोक राग रोक कर, लहू उबाल अब करो
के वही है सीना ढाल सा, जो हार में भी त्यों तना है
है अँधेरी रात मगर, दीया जलाना कब मना है।

औरत

जेपी शर्मा
सुरक्षा प्रहरी,हंसराज महाविद्यालय

बनाना तुमको आता है, मिटाना तुमको आता है।
मैं हूं औरत जिंदगी को, सजाना हमको आता है।
कभी हूं मां, कहीं बेटी, पत्नी- पे्रमिका बहु सासू,
ननद -भाभी का भी रिश्ता, निभाना हमको आता है।
दुलार से भारी हूं मैं, प्यार से भारी हूं मैं,
जरूरत गर पड़े गुस्सा, दिखाना हमको आता है।
मैं हंसती हूं, हंसती हूं, मैं लोरी भी सुनाती हूं,
वक्त आने पर कभी आंसू, बहाना हमको आता है।
मैं सजती हूं, संवरती हूं, मैं दिल में भी उतरती हूं,
सिर्फ रूठना ही नहीं कभी, मानना हमको आता है।
मैं चूमती हूं मैं कदमों को, निभाती हूं मैं रस्मों को,
अपने रक्षाथ तलवार भी, उठाना हमको आता है।
मैं बापू की दुलारी हूं, हर खेल की खिलाड़ी हूं।
सीमाओं पर बंदूके भी, चलाना हमको आता है।
मैं अबला हूं तो सबला हूं, मैं हैरीस हूं तो सुनित हूं
अंतरिक्ष यान भी देखो, उड़ाना हमको आता है।

दुश्मन

कभी दुश्मन को दुश्मन का, सहारा बनते देखा है।
कभी मौजों को कश्ती ने, किनारा बनते देखा है।
जिन रिश्तों से रिसते थे, कभी खून के कतरे,
उन रिश्तों को फिर हमने, दूबारा बनते देखा है।
समझ बैठा जहाँ जिसको, उजड़ा एक चमन पहले,
लगा कुछ वक्त मगर उसको, नजारा बनते देखा है।
जहां के लोग भी जिनको, बहुत एहतराम करते थे,
धूल भरा जमीं उनका, गुजारा बनते देखा है।
जो पकड़ा नहीं खुद से, नब्ज वक्त का हरगिज़,
सरेआम जहाँ उसको, बेचारा बनते देखा है।
छोटे आगाज को आखिर, छोटा क्यूँ समझते हो,
कभी बड़े काम का उसको, इशारा बनते देखा है।
कभी कम नहीं समझो, बूझे शोले की भी औकात,
बूझे शोले को भी हमने, अंगारा बनते देखा है।
समझी थी जिसे दुनियां, रास्ते का कोई पत्थर,
आसमां का चमकता इक, सितारा बनते देखा है।

कविताएँ

नवनीत सिंह लेखांश
बी. ए. हिंदी (विशेष) प्रथम वर्ष

आते जाते रस्तों पर मैंने

आते जाते रस्तों पर मैंने
खुरच तुम्हारा नाम लिखा है,
कभी सर्द की धूप लिखी,
कभी सुंदर शाम लिखा है,

मन की बातें मन ही जानें,
संघर्षों की रेखाएं हैं,
रेखाओं से पार है जाना,
जाना अंतिम बार लिखा है,

लिखा हुआ है श्वेत पृष्ठ पर,
भीतर का स्वीकार लिखा है।
बुझते दीपक जलते देखे,
देखे हमने सूरज को,
मुट्ठी में उसको कसकर हमने,
दिए का एक प्रकार लिखा है।

आते जाते रास्तों पर,
खुरच तुम्हारा नाम लिखा है,

हमने स्थिर नहीं लिखा है
लिखा है लौह दीवारों को
जो दीवारों सा तने हुए
वह हमने वीर जवान लिखा है।

आते जाते रस्तों पर,
खुरच तुम्हारा नाम लिखा है,

पेड़ पर रस्सी लटक रही है,
गले पर गहरा निशान दिखा है,
हाय हाय सब सरकारों को,
मैंने अमर किसान लिखा है।
मैंने मिथ्या नहीं लिखी,
नहीं लिखा आडंबर को,
मौसम बदला पतझड़ आया,
मैने तो अंजाम लिखा है।

मन उम्मीद की डोरी थामें,
हमको तुमको सब पहचाने,
मैंने अपनी कविताओं में,
सहज प्यार आराम लिखा है,

आते जाते रस्तों पर,
खुरच तुम्हारा नाम लिखा है,
कभी सर्द की धूप लिखी,
कभी सुंदर शाम लिखा है।

मेरा भारत मेरा परिचय

मैं भाषाओं में हिन्दी हूँ

माँ के सुहाग की बिंदी हूँ
मैं बहती पवित्र गंगा हूँ
आस्था की अनूठी संज्ञा हूँ
मैं ही शिव की काशी हूँ
पाषाणों की नक्काशी हूँ
जो है सबके अंतर्मन में
मैं उस भारत का वासी हूँ।

मैं सागर सा बहुत खार भी हूँ
नदियों की मीठी धार भी हूँ
मैं पूजित वृक्षों में पीपल हूँ
जल समान ही शीतल हूँ
मैं ग्रह-नक्षत्र का राशि हूँ
आपदा घोर विनाशी हूँ
जहाँ राम प्रभु सन्यासी थे
मैं उस भारत का वासी हैं।
मैं कुरूक्षेत्र का प्रहार भी

मुरलीधर का अवतार भी हूं
मैं युद्धों में बहा रक्त भी हूं
संसार से पूर्ण विरक्त भी हूँ
मैं भीष्म की कुंठ उदासी हूँ
कांति में चन्द्रमासी हूँ
जहाँ स्वयं बुद्ध ही जन्मे थे
मैं उस भारत का वासी हूँ।

मैं रत्न जड़ित हार भी हूँ
पुष्पों का अनेक प्रकार भी हूँ
मैं राणा का संसार भी हूँ
तलवार की तीव्र धार भी हूँ
मैं मुगलों का विनाशी हूँ
फहराता ध्वज आकाशी हूँ
जहाँ कृष्णा-भक्त थी मीराबाई
मैं उस भारत का वासी हूँ।

मैं प्रेम और सत्कार भी हूँ
गोरों से लुटा व्यापार भी हूँ
मैं सिंह भगत सा आँधी हूँ
सहज स्वभाव गाँधी हूँ
मैं स्वाधीनता की तलाशी हूँ
सहजता का अभिलाशी हूँ
जहाँ पत्तथर को भी पूजते हैं
मैं उस भारत का वासी हूँ।
मैं उस भारत कर वासी हूँ।

उनसठ पार

मेरे भीतर से खिसकती हुई जिंदगी,
थक चुकी सी मेरी आँखें
देख लेती हैं जब,
दादी के मुरझाए हुए चेहरे को,
दादा जी के कांपते हुए हाथों को,
सच में,
तब यही लगता है कि,
कुछ तो बहुत अजीब होने वाला है।
कुछ ऐसा जो सच है,
जिसे स्वीकारना!
जीवन के कठिनतम कार्यों में से एक है।

मैं चाहता हूं

मैं जब भी देखना चाहता हूं,
स्मृतियों के पार देखना चाहता हूं,
जिसके सहारे जीवन,
अतीत की सुंदरता में खोया रहता है।

मैं जब भी छूना चाहता हूं,
बर्फ़ के टीले को छूना चाहता हूं,
जिसको स्पर्श करते ही,
भीतर का सारा ताप खत्म होता है।

मैं जब भी कुछ खोना चाहता हूं,
खोई चीजों को वापस खोना चाहता हूं,
जिसको ढूंढने का क्रम,
मेरे जीवन में निरंतरता से चलती रहे।

मैं जब भी जुड़ना चाहता हूं,
नदी के पुल की तरह जुड़ना चाहता हूं,
जिसके जुड़ने से ही,
नदी के प्रवाह में बाधा नहीं उत्पन्न होती।

मैं जब भी दूर जाना चाहता हूं,
हमेशा खुद से बहुत दूर जाना चाहता हूं,
जिसके जाने मात्र से ही,
मेरा अस्तित्व धुंध की परत के नीचे आजाए।

मैं जब भी कहूं कि मैं चाहता हूं,
तुम मेरी उपेक्षा करना,
जब मैं कुछ नहीं चाहूंगा उस समय,
मैं सिर्फ़ तुम्हारा ही रह जाऊंगा।
मुझे तुम्हारा होना है।

प्रत्यक्ष / अप्रत्यक्ष नारी संघर्ष

ख़ुशबू पाल
बी.ए. हिंदी (विशेष) द्वितीय वर्ष

आज बैठे बैठे यूं ही ख्याल आया, उस मर्मज्ञ चित्रण का जिसपर नज़र तो सबकी है, परंतु ध्यान किसी का नहीं। अब आप कहेंगे की नज़र है पर ध्यान नहीं है, इसका क्या तात्पर्य है? कुछ क्षण रुको और स्वयं इस सवाल के जवाब की कल्पना करो। उम्मीद है आपके मन मे कोई तर्क अवश्य होगा। चलिए हम अपने तर्क से आपको रूबरू कराते है- नज़र होने और ध्यान देने में अंतर है, और मेरा प्रयास है कि मैं इस अंतर से आपको रूबरू करा सकूं।

नज़र और ध्यान में बारीक फर्क होता है- नज़र को हम नजरंदाज कर देते है, परंतु ध्यान को नहीं, अपितु ध्यान हमे उस ओर अधिक बल से आकर्षित करता है और उस पर हमारा ध्यान केंद्रित करता है।

नज़र में केवल जिक्र होता है, परंतु ध्यान में फिक्र होती है, नज़र में आकर्षण होता है, परंतु ध्यान आकर्षित करती है। नज़र हमे दिखाती है, परंतु ध्यान हमे सोचने को मजबूर करती है। उम्मीद करती हूं की ये मेरा छोटा सा प्रयास इस अंतर को स्पष्ट करने में सहायक होगा। अब इसकी स्पष्टता के बाद आपके मन में जिज्ञासा उत्तपन हो रही होगी की मर्मज्ञ चित्रण क्या है? जिसपर नज़र तो सबकी है परंतु ध्यान किसी का नहीं, तो चलिए अब इस वाकया से भी रूबरू होते हैं। इस विषय पर गंभीरता से चर्चा करने से पूर्व आपको एक संवेदनशील कविता से रूबरू कराते है:-

"पढ़ा गया हमको
जैसे पढ़ा जाता है कागज़
बच्चों की फटी कापियों का
चना जोर गर्म के लिफाफे बनाने के पहले!!
देखा गया हमको
जैसे कि कुफ्त हो उनीदे
देखी जाती है कलाई घड़ी
अलस्सुबह अलार्म बजने के बाद!!
सुना गया हमको
यों ही उड़ते मन से
जैसे सुने जाते हैं फिल्मी गाने
सस्ते कैसेटों पर
ठसाठस भरी हुई बस में!!
भोगा गया हमको
बहुत दूर के रिश्तेदारों के
दुख की तरह!!
एक दिन हमने कहा
हम भी इंसान है-
हमे कायदे से पढ़ो एक-एक अक्षर
जैसे पढ़ा होगा बी. ए. के बाद
नौकरी का पहला विज्ञापन!!
देखे तो ऐसे जैसे की
सिहरते हुए देखी जाती है
बहुत दूर जलती हुई आग!!
सुनो हमे अनहद की तरह
और समझों जैसे समझी जाती है
नई-नई सीखी हुई भाषा!!"

इस कविता को पढ़ने के उपरांत आपके मन में मर्मज्ञता का भाव उपजा जरूर होगा, परंतु सवाल ये है कि आपका इस मर्मज्ञता पर केवल नज़र है या ध्यान भी है?

इस कविता का शीर्षक है "स्त्रियां" और स्त्रियां ही हमारी मार्मिक चित्रण का विषय है। अब आप कहेंगे आज के समय में हम स्त्रियों के लिए इस मर्मज्ञ शब्द का प्रयोग करके उनकी सफलता और प्रतिष्ठा की अवहेलना कर रहे है, परंतु मेरे तर्क से यही तो चर्चा का विषय है, जिस पर हमे केवल नज़र की नहीं अपितु ध्यान देने की आवश्यकता है। ध्यान देने से हमारा तात्पर्य इस विषय पर गहनता से इसका विश्लेषण करना है।

इस सच्चाई से मुकरा नहीं जा सकता कि आज नारी अपने संघर्ष से अपने जीवन में सफलता का परिचम लहरा रही है, साथ ही साथ प्रत्येक क्षेत्र में अपनी प्रतिष्ठा सम्मानपूर्वक स्थापित कर रही है, जिसपर सबकी नज़र है और जिसकी चर्चा सबकी ज़ुबान पर है। परंतु मेरा सवाल है कि क्या किसी का ध्यान उनकी संघर्ष करते सफ़र, निजी जीवन से लेकर व्यवसायिक जीवन तक, रास्ते पर चलते हुए हर कदम पर उस अदृश्य भय से लड़ने पर, चारों तरफ की परेशानियों को झूठी मुस्कुराहट के पीछे छुपाने की कला पर, अपनी तकलीफों के आगे दूसरो के प्रति करुणा और संवेदना को प्राथमिकता देने पर, अंदर ही अंदर जीवन की कठिनाइयों से लड़ते हुए भी सामने आते ही सहसा मुस्कुरा देने पर, क्या कभी

कांटों भरे जीवन को फूलों का बिस्तर बनाते हुए किसी ने भी ध्यान दिया? क्या किसी ने ध्यान दिया उनके जीवन के मार्मिक स्थिति पर, जो प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष दोनों रूपों में उनके जीवन में व्याप्त है? आप स्वयं से सवाल करिए क्या आपकी नज़र उनकी सफलता पर है, या जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में प्रत्यक्ष/ अप्रत्यक्ष रूप में करते संघर्ष पर आपका ध्यान है?

आज की नारी कहती है:-
मैं अबला नादान नहीं हूं
कोई दबी हुई पहचान नहीं हूं
स्वाभिमान से मैं जीती हूं
रखती मन में खुद्दारी हूं
मैं जन्मदायिनी नारी हूं!!

नारी का योगदान अथाह, असीमित है, जिसका उपयुक्त मापदंड नहीं है।

चंद पंक्तियाँ नारी के योगदान पर:-
कहा तक मैं लिखूं
नारी की कहानी को
कभी मोम बनती है
कभी ज्वाला धधकती है
कभी नदियों की धारा बनकर बहती है
कभी आसमान बनकर सारा संसार ढकती है!!
स्त्री
अपने एकांत में स्त्री होती है
बाकी समय
वह केवल संबंध होती है!!!

तो क्या आपका ध्यान नारीत्व की इस गहनता पर कभी केंद्रित हुआ? नारी केवल संबंध नहीं, भोग-विलास की वस्तु नहीं, करुणा का विषय मात्र नहीं, मज़ाक का पात्र नहीं, असभ्य निगाहों का शिकार नहीं, दानवों की संतुष्टि नहीं, अपितु वह तो श्रद्धा के समान, यशश्विनी, सहज एवम सूर्य के समान धधकती ज्वालामुखी की प्रतिमूर्ति है।

महाकवि जयशंकर प्रसाद जी ने अपने महाकाव्य "कामायनी" में नारी को कुछ इस प्रकार उद्धरित किया है:-

" नारी! तुम केवल श्रद्धा हो विश्वास-रजत-नग पगतल में, पीयूष-स्त्रोत-सी बहा करो जीवन के सुंदर समतल में। देवों की विजय, दानवों की हारों का होता युद्ध रहा, संघर्ष सदा उर-अंतर में जीवित रह नित्य विरुद्ध रहा। आंसू से भीगे अंचल पर मन का सब कुछ रखना होगा, तुमको अपनी स्मित रेखा से यह संधि पत्र लिखना होगा!!"

अद्वैत

सारांश मिश्रा
बी. एस. सी., कम्प्यूटर साइन्स (विशेष) द्वितीय वर्ष

खड़ा हूँ चौक पर देखता हू सांझ मैं
एक तरफ हिरण्यगर्भ और एक तरफ हूं बांझ मैं
एक तरफ हर मोड़ पर डसती है नागिन जिन्दगी
एक तरफ हर और से काँटे चुभोती दिल्लगी
एक तरफ पाषण भेदी अहं का वो भाव है
एक तरफ एकांत से जन्मा वो एकल घाव है
एक तरफ मेरा जिरह और उसकी मुश्किलें
एक तरफ हूँ खुद ही मैं और मुझमें तुम मिले
एक तरफ मृगज समान कोमल चित कृपाल है
एक तरफ अग्निशिखा सा फैला माया जाल है
एक तरफ कपोल मन की कल्पना का सार है
एक तरफ प्रज्ञा और बुद्धि, कठोरता की धार है
एक तरफ व्योम को समेटने की शिद्दतें
एक तरफ धरा को धरने की है होती चाहतें
इस द्वैत के हर भेद को अभेद का एक अंश है
हर अंश को करने को पूर्ण हो रहा अद्वैत मैं

एक जवाब ग़ालिब को

लियाक़त अली
बी. ए. दर्शनशास्त्र (विशेष) प्रथम वर्ष

गर ठहरता थोड़ी देर, तो विसाल-ए-यार होता,
ना कोई हिज्र होता, ना दर्द का इज़हार होता।

तूने खुद अपने ही जज़्बात का रुख़ खोला है,
गर यक़ीं ना सही, तो क्या ही वफ़ादार होता।

ये तीर-ए-नीमकश की ख़लिश कहाँ ठहर पाती,
मेरा वादा था, कि फिर से वस्ल-ए-यार होता।

वसवासे तेरे अक़ीदे में यूँ गुमाँ रखते है,
समझता तू शफ़ीक़ों को, गर ऐतबार होता।

तूने तोड़ा मज़मून-ए-फलसफा-ए-मोहब्बत मेरा,
